जो भी खाटू आएगा किरपा बरसेगी श्याम की भजन लिरिक्स

जो भी खाटू आएगा,
किरपा बरसेगी श्याम की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

यार सुदामा चल कर के,
वो द्वार श्याम के आया,
छोड़ सिंघासन दौड़े कान्हा,
झट से गले लगाया,
मार के फक्की चावल की,
खुशियां दे दी जहान की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

मीरा ने भी तेरे नाम का,
पहन लिया था चोला,
राणा की राजधानी भूली,
प्रेम तेरा ना भुला,
जहर का प्याला पी गई मीरा,
सुरत देखी श्याम की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

दुनिया में इक सेठ था नरसी,
जूनागढ़ वाला,
धन दौलत सब बांट के माना,
बेटा मुरली वाला,
ऐसा भात भरा नानी का,
जनता आई कई गाम की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

खाटू में अवतार लिया है,
वो हारे के सहारे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दुख तकलीफ रहे ना घर में,
करदे वारे न्यारे,
'धरम' श्याम का नाम जपे जा,
बात बताऊं काम की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

जो भी खाटू आएगा,
किरपा बरसेगी श्याम की,
फिर दिल भी तेरे नाम का प्यारे,
जान भी तेरे नाम की।bd।

Singer / Writer – Dharm Sinhmar
Upload – Ashish Sinhmar
9315379606

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com